## सार-समाचार

### चौथ माता का लक्खी मेला प्रारम्भ

**सवाईमाधोपुर**, (निसं)। जिले की चौथ का बरवाडा तहसील स्थित चौथ माता का वार्षिक लक्खी मेले की सोमवार से शुरुआत हुई। जिसमे पहले दिन हजारों की संख्या में भक्तोने माता के दरबार में ढोक लगाकर सुख समृद्धि की कामना कर मनोती मांगी। सोमवार प्रातः से ही पैदल जत्थो रैला लगा रहा। चौथ माता के मेले में हर तरफ भक्तो का जमावडा नजर आया। श्रद्धालु ने माता के दरबार में पहुंच कर मथा टेका तथा मनौतियां मांगी। श्रद्वालु दूर दराज से गाँवो से पैदल यात्रा करते हुऐ भवानी के दर पहुचे। मुख्य मेला मंगलवार को संकट चतुर्थी पर रहेगा। जिसमे लाखो की संख्या में भक्तो की आने की उम्मीद बताई गई है। इस जिला प्रशासन द्वारा जिले में राजकीय अवकाश भी घोषित किया गया है। श्रद्वालु सुबह से चौथ माता सरोवर में ठिठुराती सर्दी शीतल जल में डुबकी लगा कर एक हजार फिट ऊंची पहाड़ी पर बने माता के मंदिर में दर्शनों को पहुँचे। ऐसे में मंदिर परिसर भी श्रद्वालुओ से अटा नजर आया। वही पहाड़ी से नीचे देखने पर हर तरफ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा दिखाई दिया । मंदिर में माता के दर्शन पाने के लिए भक्तो की कतार लग रही है। सुबह पांच बजे मंगला आरती के समय तो मंदिर परिसर श्रद्वालुओ से खचाखच भरा रहा। प्रशासन द्वारा लक्खी मेले को लेकर भारी मात्रा भक्तो की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात किए गए और स्काउट गाइड से जुड़े लोग, समाजिक सेवादारों द्वारा सेवाए दी जा रही है। खेल मैदान में लेगे झूले, पनिहारी की दुकाने मेले में आने वाले भक्तो को आकर्षित कर रही है जिनका भक्त आनंद लेते नजर आते नजर आए। दर्शन के लिए मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन द्वारा भक्तो के लिए बेरीकेटिंग के इंतजाम किए गए है। सीसी टीवी कैमरे लगाए गए है।

### रौंसी को वार्ड 11 व 12 में विभाजित करने क प्रस्ताव का विरोध

**नादौती**, (निसं)। पंचायत समिति नादौती के प्रस्तावित वार्ड परिसीमन में ग्राम पंचायत रौंसी को वार्ड संख्या 11 एवं 12 में विभाजित किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, नादौती को ग्रामवासियों द्वारा लिखित आपत्ति प्रस्तुत की गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि ठााम पंचायत रौंसी सामाजिक, भौगोलिक एवं प्रशासनिक रूप से सदैव एक इकाई रही है। ग्राम को दो अलग-अलग वार्डों में विभाजित करने से ग्राम की एकता भंग होगी, जनप्रतिनिधित्व असंतुलित होगा तथा भविष्य में गंभीर प्रशासनिक व सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न होंगी। ग्रामवासियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि रौंसी के टुकड़े किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि परिसीमन प्रशासनिक कारणों से आवश्यक हो, तो पूरी ग्राम पंचायत रौंसी को एक इकाई के रूप में किसी एक ही वार्ड या समीपवर्ती ग्राम पंचायत (केमला, कुंजेला अथवा अन्य) में सम्मिलित किया जाए, किंतु ठााम पंचायत को दो हिस्सों में बांटना स्वीकार्य नहीं है। ग्रामवासियों ने निर्वाचन प्रशासन से जनभावनाओं, जनहित एवं प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए रौंसी को वार्ड 11 एवं 12 में विभाजित करने के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है तथा ग्रम पंचायत रौंसी को एक ही वार्ड/एक ही इकाई के रूप में बनाए रखने का आग्रह किया है।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**करौली**, (निसं)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया द्वारा चलाए जा रहे महिला श्रमिक उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल जागरूकता अभियान के अंतर्गत एवं एक्शनएड की क्षेत्रिय प्रबंधक सिओन किंगोरी के मार्गदर्शन में गुड़गांव एवं जोड़ली सपोटरा में जागरूकता शिविर का आयोजन कर पोश अधिनियम के प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। एक्शनएड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया द्वारा संपूर्ण देश में राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय एवं महिला श्रमिकों में अधिनियम (कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013) के प्रति जागरूकता बढाना एवं उत्पीड़न की शिकायत स्थानीय शिकायत समिति, नजदीकी पुलिस थाना, राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग की बेबसाइट एवं शी - बोक्स पोर्टल पर करने एवं उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। पोश एक्ट महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया एक कानून है. यह अधिनियम 2013 में पारित किया गया था और इसका उद्देश्य एक सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है जहाँ महिलाएँ उत्पीड़न के डर के बिना काम कर सकें। पोश अधिनियम में यौन उत्पीड़न को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिसमें अवांछित शारीरिक संपर्क, यौन अनुठाह की मांग, अश्लील साहित्य दिखाना, और यौन प्रकृति का कोई भी अवांछित व्यवहार शामिल है।

### विवादित भूमि पर स्थगन होने पर भी चलाई जेसीबी

**करौली**, (निसं)। जिला मुख्यालय पर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के आला अधिकारी बैठते हो लेकिन अपने निर्णय की भी पालन कराने में असहाय ही साबित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित विवादित भूमि खसरा नंबर 1358 /1 रखवा एक बीघा 11 विस्वा पर न्यायालय उप जिला कलेक्टर द्वारा स्थगन आदेश जारी कर रखे हैं उसके उपरांत भी प्रभावशाली लोगों ने स्थगन आदेश को नजर अंदाज करते हुए विवादित भूमि पर जेसीबी मशीन चलाकर स्थगन आदेशों की धज्जियां उड़ाई जिसको लेकर राम रूप मीणा अभिषेक शिवकुमार आदि ने उप जिला कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई है इधर कोतवाली पर मुकदमा दर्ज करने के लिए रिपोर्ट पेश की है लेकिन ना तो उप जिला कलेक्टर ने कोई कार्रवाई अमल में ली ना ही कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई की ना ही मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि पर स्थगन आदेश होने के बाद भी ना तो मौके पर पहुंचे ना ही कार्य बंद कराया गया इससे ऐसा प्रतीत होता है की जिला मुख्यालय पर पुलिस और प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है जबकि उप जिला कलेक्टर ने स्थगन आदेश में स्पष्ट लिखा है की उक्त विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं करें और मौके पर रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाए रखें।

### बैठक में एसआइआर की जानकारी दी

**करौली**, (निसं)। विधानसभा की एस आई आर की सोमवार को भाजपा कार्यालय पर भाजपा के संभाग प्रभारी हेमराज मीणा के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी हेमराज मीणा ने एस आइ आर की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सभी कार्यकर्ता बी एल ओ 2 के साथ मिलकर एस आइ आर का कार्य करें उन्होंने कहा कि अपने पास करीब 8 दिन का समय है इसमें अधिक से अधिक संख्या में वोटरों को जुड़वाने का कार्य करें जो 18 साल का हो गया है उसे जुड़वाने का आवश्यक कार्य करें कोई वाटर छूटना नहीं चाहिए गलत वाटर आना नहीं चाहिए इस मौके पर सांसद प्रत्याशी इंदु देवी ने भी कहा कि एस आइ आर 2002 के बाद अब हो रही है बैठक का मंच संचालन योगेश शर्मा ने किया इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला ने एस आइ आर पर अब तक जो कार्य हुआ है उसकी विस्तार से जानकारी दी बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय पाल जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र बंसल जिला मंत्री आरती बैसला पूर्व जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला कार्यालय मंत्री गोपाल शर्मा आईटी सेल के जिला संयोजक योगेश सिंगल मीडिया के जिला संयोजक मुकेश सोनी जिला प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ओबीसी पर पोस्ट के जिला संयोजक राजेंद्र वर्मा करौली ठाामीण मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह जादौन अजीत सिंह पटवाई मुकेश जंगल संतोष सिंह जादौन शाहपुर मंडल अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी अशोक चतुर्वेदी खेड़ा जमालपुर मंडल अध्यक्ष गीता देवी टैगोर मंडल महामंत्री मनोज तिवारी करौली शहर मंडल के तेजेंद्र सिंह विक्की गुरु कान्हा व्यास धन सिंह मासलपुर से सोनू सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मास्टरमाइंड को जेल भेजा


**करौली**, (निसं)। सट्टा किंग और करौली में 2 अप्रैल 2022 को हुए दंगे का मास्टरमाइंड पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र अमीनुद्दीन खान को सोमवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां न्यायाधीश ने जेल भेजने के आदेश दिए न्यायाधीश के आदेश अनुसार दंगा के मास्टरमाइंड को जेल भेजा। ज्ञात रहे यहां की नगर परिषद के पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र अमीनुद्दीन खान को हिंडौन पुलिस ने गत दिनों क्रिकेट के सट्टे के आरोप में गिरफ्तार किया गया जिसको करौली पुलिस ने जेल से गिरफ्तार कर सोमवार को यहां जिला मुख्यालय स्थित मुख्य न्यायाधीश के यहां पुलिस ने पेश किया जहां से न्यायाधीश ने 14 दिन न्यायिक अभिरक्षा में रखने के आदेश दिए जिन आदेशों की पालना में पुलिस ने दंगा के मास्टरमाइंड अमीनुद्दीन को जेल भेजा।

# ‘सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देता है गोविंद सिंह का जीवन’

**डीग**, (निसं)। राष्ट्र-सेवा ही परम धर्म और ईश्वर की सच्ची पूजा है। जब देश और धर्म की रक्षा की बात आई, तब गुरु गोविंद सिंह महाराज ने अपने चारों साहिबजादों सहित सर्वस्व न्योछावर कर दिया। यही त्याग और बलिदान भारत को महान राष्ट्र बनाता है। यह बात प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सिखों के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाश पर्व के अवसर पर व्यक्त किए।

गुरु गोविंद सिंह जयंती पर सोमवार को गृह राज्य मंत्री बेढम डीग जिले के

■ गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर बृजनगर में गुरुद्वारों में मत्था टेक लंगर सेवा कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश



डीग में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई।

बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव सादपुरी एवं पुनांय स्थित गुरुद्वारों में पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली और शांति की कामना की।

संगत को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह का जीवन केवल इतिहास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र-सेवा, साहस और धर्म-रक्षा का जीवंत संदेश है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर नागरिक को जाति, वर्ग और मतभेद से ऊपर उठकर राष्ट्र को सर्वोपरि मानना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री बेढ़म ने राजकीय औपचारिकताओं से हटकर लंगर सेवा में भाग लिया।

उन्होंने कड़ाही में कड़छी चलाकर तथा पंगत में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसादी वितरित कर यह संदेश दिया कि गुरु के दरबार में सभी समान हैं और सेवा ही सच्ची श्रद्धा है।

इस अवसर पर सिख समाज के प्रबुद्धजनों एवं ग्रंथियों द्वारा गृह राज्य मंत्री बेढम को सिरोपा ओढ़ाकर तथा शमशीर (कृपाण) भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री बेढम ने शमशीर को माथे से लगाकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया, जो शक्ति और भक्ति के समन्वय का प्रतीक रहा। गृह राज्य मंत्री बेढम के आगमन पर सादपुरी और पुनांय गांवों का वातावरण बोले सो निहाल, सत अकाल और वाहेगुरु का खालसा, वाहेगुरु जी की फतह के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस गरिमामयी आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सिख समाज के वरिष्ठ नागरिक, युवा वर्ग एवं मातृ-शक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रही। कार्यक्रम ने राष्ट्र-सेवा, सामाजिक समरसता और बलिदान की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

# ग्रामीणों ने वार्ड पुनर्गठन पर किया विरोध

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। वजीरपुर उपखंड क्षेत्र के रायपुर गांव के ग्रामीणों ने नवगठित पंचायत समिति के वार्ड नंबर 12 के पुनर्गठन का विरोध किया है। ग्रामीणों ने रायपुर को मेड़ी गांव के साथ जोड़ने के निर्णय पर आपत्ति जताते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि रायपुर को मठ क्षेत्र के साथ जोड़ा जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि रायपुर गांव का सामाजिक, भौगोलिक और

■ रायपुर को मठ से जोड़ने की मांग



उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

सांस्कृतिक जुड़ाव मेडी गांव के बजाय मठ क्षेत्र से है। उनके अनुसार, वार्ड नंबर 12 में रायपुर को मेडी के साथ जोड़ना जनभावनाओं के खिलाफ है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बदन सिंह जाट ने बताया कि मठ क्षेत्र से ग्रामीणों की आवाजाही और अन्य मूलभूत सुविधाएं लंबे समय से जुड़ी हुई हैं। इसके विपरीत, मेडी गांव से उनका सीधा संपर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन की मौजूदा योजना से ग्रामीणों को प्रशासनिक और विकास कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर प्रशासन से पुनर्गठन के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी आपत्तियों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और नियमानुसार जांच के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में खुशीराम, राकेश, हर सहाय, भूपेंद्र, मुकेश, मिट्ठू, बाबू, सुरेंद्र सिंह जाट, भगवान सिंह, रामवीर सिंह और राजेश महावर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## टीम में होंगे करौली के सीओ स्काउट

**करौली**। भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही फर्स्ट राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी जो कि 9 से 13 जनवरी तक आयोजित की जाएगी मैं राष्ट्रीय मुख्यालय की टीम में करौली जिले के सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता का चयन किया गया है

सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत ने बताया कि भारत स्काउट गाइड संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा डायमंड जुबली वर्ष के रूप में इस वर्ष को मनाया जा रहा है इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय स्तर के अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है प्रथम बार राष्ट्रीय जंबूरी रोवर रेंजर के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 9 से 13 जनवरी तक दुधली जिला बालोद मैं आयोजित की जा रही है जिसकी नेशनल हेडक्वार्टर की टीम में राजस्थान प्रदेश से एकमात्र ऑर्गेनाइजिंग स्टाफ के रूप में करौली के सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता का चयन किया गया है।

## प्रतियोगिता सम्पन्न

**भुसावर**, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का निवास होता है, अतः विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अपनी रुचि के अनुसार खेल प्रतियोगिताओं में नियमित भाग लें।

# प्रकाश उत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली

**भरतपुर**, (निसं)। गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश उत्सव के पावन अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान दानी श्याम मंदिर में श्याम बाबा संकीर्तन समिति एवं आदर्श उज्ज्वल एनजीओ टीम के संयुक्त तत्वावधान मे फुलवारी के पास श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

शोभा यात्रा में शामिल बृजेश अग्रवाल राजेश गुप्ता राजू ने पंज प्यारे को सोल दुपट्टा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत रोहित महाराज एवम मोहन सिंह चाहर , अमित मादन द्वारा पूज्य गुरु गोविंद साहब की विधिवत पूजा-अर्चना कर रूमाला साहिब चढ़ाया गया। कार्यक्रम के पश्चात शोभा यात्रा के दौरान फैले कचरे की मंदिर प्रशासन द्वारा तुरंत सफाई कर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया।

# सांस्कृतिक व पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर की ओर से आयोजित नाचो कूदो गाओ और आकर जश्न मनाओ के उल्लासपूर्ण संदेश के साथ शनिवार को एक निजी धर्मा रिसोर्ट, फतेहपुर सीकरी में नववर्षद्2026 के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

सह सचिव लायन प्रोफेसर डॉ. मगन प्रसाद ने बताया की कार्यक्रम के अंतर्गत सनातन परंपरा पर आधारित महाभारत आदि ग्रथों से प्रश्नोत्तरी,

■ ‘सेवा कार्यों से ही आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है’



नववर्ष सांस्कृतिक व पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

म्यूजिकल चेयर, ग्लासदृस्ट्रा तथा अंठोजी फिल्मों के हिंदी नाम पहचानने जैसी रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रीमती डॉ. गुंजन भूषण एवं प्रोफेसर डॉ. संतोष गुप्ता विजेता रहीं। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बाल वर्ग से जनेश गुप्ता विजेता रहे ,जबकि ग्लासदृस्ट्रा प्रतियोगिता में कोई विजेता घोषित नहीं हुआ।समारोह का विधिवत शुभारंभ क्लब अध्यक्ष लायन प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता,सचिव रूपेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, पीएमजेएफ लायन प्रेमपाल सिंह, पूर्व आर.सी. एमजेएफ लायन प्रवीण फौजदार एवं कार्यक्रम संयोजक लायन धर्मवीर सिंह, लायन राजेन्द्र सिंह, लायन अंशु मंघा, लायन शालिनी तांबी, लायन श्वेता मेहरवाल एवं लायन सीमा खंडेलवाल के आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार गुप्ता एवं राजेन्द्र सिंह ने अपने काव्य पाठ से नव वर्ष – 2026 का स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ.गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर अधिक से अधिक सेवा कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा की सेवा कार्य करने से ही आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है। यह एक ऐसी संस्था है जो दीन दुखियों के दर्द को दूर करने के लिए सदा सहायक है।कार्यक्रम के दौरान सदस्यों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। कार्यक्रम का सफल एवं रोचक संचालन लायन प्राची सिंह एवं लायन अंशु मंघा ने किया। इस अवसर पर क्लब संस्थापक लायन रमेश चंद सिंघल,सुमन प्रेमपाल, प्रवेश फौजदार,अजय मंघा, मोहन मंगलानी, विजय सिंह, अशोक तांबी, डॉ.अजय मेहरवाल,जीतेश पटेल, केपी सिंह, प्रवीण फौजदार, रामवीर डागुर, शेखर खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल, कोमल सिंह, डॉ.मगन प्रसाद, दीपक गोयल, अजय लोहिया, आदि लायंस सदस्यगण एवं उनके परिवारजन कार्यक्रम को गतिशीलता प्रदान कर रहे थे।

## सार-समाचार

### लोको पायलट से की मारपीट व लूट

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। ड्यूटी जा रहे एक लोको पायलट के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। यह वारदात रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में हुई, जिससे रेलवे कर्मचारियों में आक्रोश है। लोको पायलट अपने आवास से रेलवे स्टेशन की ओर ड्यूटी पर जा रहे थे। रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में 4 बदमाशों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। बदमाशों ने उन पर हमला कर मारपीट की, जिससे लोको पायलट घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर लोको पायलट का मोबाइल फोन, पर्स और जरूरी दस्तावेज लूटकर फरार हो गए। इस घटना से रेलवे कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में चिंता का माहौल है।घटना के विरोध में लोको पायलट संगठन और रेलवे कर्मचारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, लूटे गए सामान की बरामदगी और रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि क्षेत्र में चोरी और मारपीट की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### वन नेशन-वन इलेक्शनश का समर्थन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भगवती बीएड कॉलेज में ‘‘स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन’’ अभियान के तहत ’’एक राष्ट्र-एक चुनाव‘‘ के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। युवा छात्र नेता और जिला संयोजक सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने इस अभियान में भाग लिया और समर्थन में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज निदेशक अनुज शर्मा ने छात्रों को श्वन नेशन-वन इलेक्शनश की अवधारणा, इसके उद्देश्यों और संभावित लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल देश के लिए कैसे फायदेमंद हो सकती है। सीताराम गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि एक साथ चुनाव कराने से बार-बार होने वाले चुनावों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इससे समय, धन और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही प्रशासनिक कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी बनेगी। राजेश आचार्य और ओम प्रकाश गुर्जर ने बताया कि ऐसे अभियान छात्रों में लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। यह हस्ताक्षर अभियान प्रदेशभर में 5 से 12 जनवरी तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में मेहंद्र कुमार नापित, प्राचार्य केशव, राकेश, मनीषा शर्मा, पूनम सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

### महेश बने जांगिड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। जांगिड़ ब्राह्मण समाज समिति (रजि.) के चुनाव रविवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रभारी रमेश चंद्र जांगिड़ हीरापुर वाले, अधिवक्ता परमानंद शर्मा, अधिवक्ता खीरेंद्र शर्मा के द्वारा निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाए गए। जिसमें जांगिड़ ब्राह्मण समाज के महिला व पुरुषों ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। कुल मतदाता 1320 जिसमें 821 मतदाताओं ने 62.3 फीसदी की भागीदारी निश्चित की। अध्यक्ष पद हेतु पांच प्रत्याशियों जिनमे महेश चंद्र शर्मा (फौजी) टोकसी वालों को 388, राजेंद्र जांगिड़ को 122, कृष्णानंद जांगिड़ को 220, राधेश्याम जांगिड़ को 4, मूलचंद जांगिड़ को 7 मत मिले, जिसमें अध्यक्ष पद पर महेश चंद शर्मा (फौजी) 168 मतों से विजय घोषित किए गए। महामंत्री पद पर मुकेश शर्मा उच्चौन वाले और कोषाध्यक्ष के लिए मुरारी लाल जांगिड़ छोटी उदेई वाले विजयी घोषित किये गए। इस अवसर पर महामंत्री पंकज शर्मा ने कहा की हमेशा सत्य की ही विजय होती है सत्य कभी पराजित नहीं हो सकता। निष्पक्ष चुनाव होने पर सभी समाज बंधुओ ने निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ताओं व पूरे समाज बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पोषबड़ा महोत्सव में पाई प्रसादी

**भरतपुर**, (निसं)। थोक वस्त्र व्यवसायी संस्थान द्वारा नववर्ष मिलन एवं पोषबडा महोत्सव का आयोजन खाटू श्याम मार्केट प्रांगण में आयोजित किया गया। अध्यक्ष राजेश कुमार सिंघल एवं सचिव वेद प्रकाश मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा नववर्ष मिलन समारोह एवं सर्दी के प्रकोप से राहत के लिए पोषबडा का आयोजन रखा गया जिसमें मूँग दाल, चोरा दाल, बेसन के मंगोडों की गर्म तासीर के इक्कीस तरह के मसालों से तैयार कराये गये एवं गर्म हलुआ मेवा युक्त बनवाकर खाटू श्याम बाबा का भोग लगाकर सभी सदस्यों, स्टाफ एवं भक्तगणों को वितरित किये गये। कार्यक्रम में भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेन्द्र गोयल एवं भरतपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष भगवान दास बंसल के मुख्य आतिथ्य में खाटूश्याम बाबा दरबार को माल्यार्पण करदीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर संस्थान पदाधिकारी मोहन मित्तल, जयप्रकाश बजाज, अशोक सिंघल भुसावरी, कैलाश चाचा, भागचंद जैन, सूर्य प्रकाश गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, राजीव कुमार, गजेन्द्र कुमार, भरत बंसल, दयाल शरण आदि मौजूद रहे।

### वेतन नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

**बयाना**, (निसं)। नगर पालिका बयाना में सफाई कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। इसी को लेकर सोमवार को नाराज सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और कैशियर कार्यालय का घेराव कर अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों ने बताया कि दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। परिवार के पालन-पोषण में परेशानी आ रही है, बावजूद इसके उनकी समस्या पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में नगर पालिका के कैशियर दीपक गुप्ता ने बताया कि दो महीने पूर्व ही अधिशासी अधिकारी अनिता कुमारी ने नगर पालिका में कार्यभार ठाहण किया है। जॉइनिंग के बाद से ही उनकी आईडी की मैपिंग नहीं हो पाई है, जिसके चलते नगर पालिका के सभी कर्मचारियों का वेतन अटका हुआ है। उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी की आईडी मैपिंग के लिए फाइल ट्रेजरी कार्यालय भेजी जा चुकी है और मैपिंग पूरी होते ही सभी कर्मचारियों का वेतन खातों में डाल दिया जाएगा। वहीं, सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे मजबूरन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

### वैश्य एकता पर हुआ मंथन

**भरतपुर**, (निसं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन भरतपुर का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह व पौष बड़ा का कार्यक्रम बड़े ही जोश खरोस व आनंद के साथ स्थानीय अग्रवाल भवन खिरनी घाट पर आयोजित किया गया। इसमें मिलन समारोह के साथ एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन रखा गया जिसमें वैश्य समाज की एकता संगठन को बढ़ाने वैश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं राजनीतिक रूप से संगठित होने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का आरंभ अंतराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति सदस्य सत्येंद्र गोयल एडवोकेट, अठावाल युवा अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल, वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष अनिल लोहिया, सामाजिक कार्यकर्ता मिथिलेश अठावाल, वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री सुमनेश गुप्ता आदि के द्वारा महाराजा अठासेन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन करके किया गया। गोष्ठी की प्रमुख वक्ता मिथिलेश अठावाल ने वैश्य समाज को आवाहन किया की वह सामाजिक कुरीतियों को त्याग कर संगठित हों तथा जिस प्रकार अन्य समाज के लोग चाहे वह किसी भी पद पर हो एक जाजम पर बैठकर खान-पान करते हैं वही तरीका वैश्य समाज को अपनाना चाहिए तथा जिस प्रकार महाराजा अठासेन ने एक ईंट एक रुपया का सिद्धांत दिया था उस सिद्धांत को हमें अपना कर वैश्य समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। सरोज लोहिया ने कहा कि वैश्य समाज के सभी घटकों को आपस में रोटी बेटी का संबंध बनाना चाहिए तथा अपने बच्चों को शिक्षा देनी चाहिए कि वह अपनी शादी संबंध के लिए वैश्य समाज के घटकों को ही प्राथमिकता दें। अन्य वक्ताओं में शामिल सतेंद्र गोयल एडवोकेट, अतुल मित्तल, अनुराग गर्ग, डा. लक्ष्मी चंद्र अठावाल, मुकेश अग्रवाल आदि ने भी आज के समय में वैश्य एकता पर बल दिया तथा वैश्य समाज को एकत्रित होकर अपनी राजनीतिक शक्ति पहचानने का आवाहन किया।

## अवकाश घोषित

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कमर चौधरी ने आदेश जारी कर कलैण्डर वर्ष 2026 में जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में 23 जनवरी 2026 को बसन्त पंचमी एवं 29 जुलाई 2026 को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

**आम सूचना**

मैं जमील पुत्र दीना जाति मुसलमान तेली निवासी कुम्हारों की टेक मटिया महल के पास हिंडौन सिटी सशपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सद्दीक खान मेरे कहने में नहीं है और वह गलत सोहबतों का शिकार है। मैं उसे मेरे परिवार व मेरी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा और मेरे परिवार का उससे कोई लेना-देना नहीं है। वह यदि कोई अपराध अथवा किसी से रुपया पैसे की लेनदेन करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा।